Published Date:	14 Nov 2018	Publication:	Shreeji Express (Hindi)
Edition:	New Delhi	Page No:	3
MAV/CCM:	1142.4/3.36	Circulation:	6000

टीसीएस आइटी विज 2018 का नई दिल्ली संस्करण 17 नवम्बर को

नई दिल्ली। प्रमुख आइटी सेवा, परामर्श तथा व्यायवसायिक समाधानों की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने आज टीसीएस आइटी विज 2018 के दिल्ली संस्करण का कार्यक्रम घोषित किया। स्कूलों के लिए भारत का सबसे बड़ा यह टेक्नोलॉजी क्विज नई दिल्ली में शनिवार, 17 नवम्बर को डोगरा हॉल, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी), नई दिल्ली में आयोजित होगा। वर्ग 8 से 12 तक के स्कूली विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में भाग लेने के योग्य हैं। प्रत्येक संस्थान अधिकतम 8 टीमें भेज सकता है। हर टीम में दो सदस्य होंगे। कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। टीसीएस आइटी विज 2018 भारत में 12 स्थानों - अहमदाबाद, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नै, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, कोच्चि, कोलकाता, मुम्बई, नागपुर और पुणे में आयोजित होगा। क्विज का फॉर्मेटः प्रारंभिक लिखित राउंड से चुनी गई शीर्ष छः टीमें क्षेत्रीय फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करेंगी। अगर एक स्कूल से फाइनल के लिए एक से अधिक टीम क्वालिफाई करती है, तो वैसी स्थिति में केवल सर्वोच्च अंक लाने वाली टीम को ही स्टेज पर बुलाया जाएगा। क्षेत्रीय फाइनल्स से विजेता टीम नेशनल फाइनल्स में मुकाबला करेगी। पुरस्कारः इस साल के क्षेत्रीय चैम्पियन को 60,000 रुपये का गिफ्ट वाउचर और रनर-अप को 40,000 रुपये के गिफ्ट वाउचर के साथ विशेष तौर पर डिजाइन की गई ट्रॉफी और मेडल देकर पुरस्कृत किया जाएगा। 6 फाइनलिस्टों को टीसीएस की ओर से जिम बैग, ब्लूटूथ स्पीकर के साथ बहुउपयोगी म्यूजिक टॉर्च, और टीवीएस50 पेनड्राइव के साथ वायरलेस आउटडोर स्पीकर दिए जायेंगे। ट्विटर कॉन्टेस्टः हर शहर में क्षेत्रीय फाइनल्स में सभी सहभागियों के लिए एक ट्विटर कॉन्टेस्ट होगा। शीर्ष दो सर्वश्रेष्ठ ट्वीट और बेस्ट ट्वीट ऑफद डे को ब्लूटूथ स्पीकर और एलईडी नाइट लाइट से युक्त स्मार्ट म्यूजिक फ्लावर पॉट के साथ एक बहुउपयोगी टॉर्च दिया जाएगा।